हरिभूमि

गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 23 नवंबर 2025

04 छात्र-छात्राओं को गुमशुदा बच्चों की खोज, बचाव और...



07 अशोकनगर मुख्यालय से जोड़ा जाए 6 लेन इकोनामिक कॉरिडोर...





## समाचार संक्षेप

### कलेक्टर ने वार्डों में उतरकर लिया जमीनी हाल,घर-घर जाकर सुनी लोगों की बातें



**गुना।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने शनिवार को वार्ड 15 सियाराम कॉलोनी और वार्ड 14 रिजोदा रोड क्षेत्र में चल रहे SIR कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर मौजूद टीम से प्रगति की जानकारी ली और जरूरी निर्देश दिए। इसके बाद कलेक्टर कन्याल वार्ड 4 और वार्ड 13 पहुंचे, जहां उन्होंने घर-घर जाकर लोगों से संवाद किया। उन्होंने निवासियों से जानकारी ली कि फॉर्म भरने, अपडेट कराने और अन्य प्रक्रियाओं में उन्हें कोई परेशानी तो नहीं आ रही है। इसके बाद शाला शासकीय हाई स्कूल खजूरी आरोन एवं भादौरा में किए जा रहे SIR कार्य की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार धीरेंद्र गुप्ता, नायब तहसीलदार अमित जैन सहित अन्य विभागीय अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

### चाचौड़ा विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र 278 में बीएलओ लक्ष्मण सिंह द्वारा एसआईआर का किया शत-प्रतिशत कार्य



**गुना।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी किशोर कुमार कन्याल के आदेश अनुसार तथा अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी अखिलेश जैन के निर्देश तथा एसडीएम चांचौड़ा एवं ERO डॉ. रवि मालवीय के मार्गदर्शन में आज तहसील मधुसूदनगढ़ के चांचौड़ा विधानसभा क्षेत्र में मतदान क्रमांक 278 में बीएलओ लक्ष्मण सिंह राजपूत द्वारा SIR का कार्य 100% पूर्ण करने पर तहसीलदार मकसूदनगढ़ एवं उनकी टीम ने एसआईआर कार्य में सहयोग करने वाली समस्त टीम को फूलमाला एवं मिठाई खिलाकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर तहसीलदार मधुसूदनगढ़ एवं AERO डॉ. उदय सिंह, नायब तहसीलदार कमल सिंह कोली, पटवारी परमाल सिंह भील, निर्वाचन सुपरवाइजर वीरेंद्र शर्मा एवं बीएलओ सुपरवाइजर वीरेंद्र सिंह चौहान द्वारा उनके क्षेत्र में पहुंचकर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। एसआईआर में बीएलओ के साथ सहयोगी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रानी शाक्यवार, आशा कार्यकर्ता तम्मा बंजारा, भावना एवं श्वेता चौहान का विशेष सहयोग रहा।

### गेहूंखेड़ा के बीएलओ द्वारा एसआईआर में शत प्रतिशत फॉर्म बीएलओ एप पर किए सबमिट



**गुना।** विधानसभा क्षेत्र 031 राघौगढ़ के अंतर्गत तहसील आरोन के मतदान केंद्र क्रमांक 223 गेहूंखेड़ा के बीएलओ राजेश रजक द्वारा SIR में 100% फॉर्म बीएलओ एप पर सबमिट कर कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी किशोर कुमार कन्याल एवं अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी अखिलेश जैन के कुशल मार्गदर्शन एवं एसडीएम/ निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी राघौगढ़ अमित सोनी के कुशल नेतृत्व में बीएलओ राजेश रजक एवं उनकी सहयोगी टीम में पटवारी भगवत धाकड़, सचिव/सहायक सचिव रामजीवन धाकड़, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती लीलाबाई अहिरवार एवं ग्राम कोटवार बंटी बुनकर द्वारा SIR में मतदान केंद्र क्र.223 के कुल 886 मतदाताओं का 100% गणना पत्रकों का डिजिटाइजेशन पूर्ण करने पर तहसीलदार आरोन/ सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी राघौगढ़ धीरेंद्र गुप्ता द्वारा BLO एवं उनके सहयोगी दल को माला पहनाकर बधाई दी गई एवं उनके कार्य की सराहना की।

### 'मोबाइल कोर्ट' में शत-प्रतिशत निराकरण पर नायब तहसीलदार मक्सूदनगढ़ सम्मानित

**गुना।** जिला प्रशासन की अभिनव पहल 'मोबाइल कोर्ट' में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए नायब तहसीलदार मक्सूदनगढ़ को कलेक्टर श्री कन्याल ने प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। मोबाइल कोर्ट के तहत चिन्हित सभी आवेदनों का शत-प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित करने में नायब तहसीलदार श्री उदयसिंह जाटव एवं उनकी टीम ने सराहनीय कार्य किया है। समयबद्ध और प्रभावी समाधान की दिशा में किए गए इस उल्लेखनीय प्रयास की प्रशंसा करते हुए कलेक्टर श्री कन्याल ने कहा कि यह उपलब्धि जिला प्रशासन की सेवा भाव और संवेदनशीलता को दर्शाती है। नायब तहसीलदार मक्सूदनगढ़ एवं उनकी टीम को इस उपलब्धि पर बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कलेक्टर ने आशा व्यक्त की कि वे भविष्य में भी इसी प्रकार जनसेवा के कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाते रहेंगे। मोबाइल कोर्ट की सफलता ने ग्रामीण क्षेत्रों में त्वरित न्याय और प्रशासनिक पारदर्शिता को नई दिशा प्रदान की है।

# नगरपालिका को मिला राष्ट्रपति सम्मान गुना नगर का सम्मान है: नपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

नगर पालिका गुना को अभी हाल ही में देश के राष्ट्रपति द्वारा जल संचय में देश में प्रथम स्थान प्राप्त होने पर जिले भर में हर्ष व्याप्त हे। इसी को लेकर शुक्रवार को नगर पालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी मंजूषा खत्री द्वारा नगर पालिका सभा कक्ष गुना में धन्यवाद एवं आभार सभा का आयोजन किया गया जिसमें नगर पालिका गुना के सभी पार्षद एवं नगर पालिका के अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती गुप्ता एवं सीएमओ गुना का पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नप अध्यक्ष श्रीमती गुप्ता ने कहा कि आप सभी के योगदान से नगर पालिका गुना को देश के राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित किया गया, आज हमारे सभी सम्माननीय जनप्रतिनिधियों, एवं हमारे सभी पार्षद व जिला प्रशासन, हमारी सीएमओ मेडम व नगर पालिका के सभी अधिकारी, कर्मचारियों को बहुत-बहुत बधाई देती हूं। आज आपके योगदान व आपकी मेहनत से नगर पालिका गुना का नाम देश में प्रथम स्थान पर आया है। वैसे तो देशभर में अनेक जिले अनेक नगर पालिकाएं हैं जो जल



संरक्षण का कार्य कर रहे हैं लेकिन जिस तकनीकी एवं सूझबूझ से हमारे अधिकारियों कर्मचारियों ने कार्य किया है मैं उन सभी अधिकारियों कर्मचारियों को बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं देती हूं। यह अकेला हमारा सम्मान नहीं बल्कि हमारे सभी जनप्रतिनिधियों एवं नगर पालिका परिषद गुना एवं नप के अधिकारी कर्मचारी गण एवं गुना शहर वासियों का यह सम्मान है। मैं शहर वासियों को और समस्त इस कार्यों को करने में प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से जो भी सहयोगी रहे उनको भी अपनी तरफ से हृदय से धन्यवाद एवं आभार व्यक्त करती हूं।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने भी सभी के सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि यह हमारे साथ साथ नगर पालिका के सभी अधिकारी कर्मचारियों की मेहनत का ही परिणाम है कि गुना नगर पालिका परिषद को राष्ट्रपति द्वारा देश भर में गुना नगरपलिका को प्रथम वार जल संचय में राष्ट्रपति सम्मान से नवाजा गया। इसके बाद नगर पालिका अध्यक्ष एवं सीएमओ द्वारा इस सफलता पर उक्त कार्य में संलग्न अधिकारी एवं कर्मचारियों व एनजीओ की टीम के सदस्यों का माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नप उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सोनी, नेता प्रतिपक्ष शेखर वशिष्ठ ने भी इस इतिहासिक उपलब्धि पर नप अध्यक्ष सविता गुप्ता एवं सीएमओ सहित समस्त नगर पालिका टीम का आभार एवं बधाई शुभकामनाएं प्रेषित की। इस मौके पर नप के पार्षद गण एवं अधिकारी कर्मचारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### फायर ब्रिगेड ने पाया काबू टैंकर खाली होने से टला बड़ा हादसा

# विजयपुर गैल प्लांट पार्किंग में खड़े खाली गैस टैंकर में लगी भीषण आग






हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

विजयपुर स्थित गैस ऑथोरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (गैल) की पार्किंग में शनिवार सुबह खड़े गैस टैंकर में अचानक आग लग गई। गनीमत रही कि टैंकर खाली था, जिससे बड़ा हादसा टल गया। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पा लिया है। टैंकर में अचानक आग लगी और देखते ही देखते चंद मिनटों में आग ने पूरे टैंकर को अपनी चपेट में ले लिया और उसमें से तेज लपटें उठने लगीं।मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पा लिया है। विजयपुर में गैस ऑथोरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड का प्लांट है, जहां से देश के कई हिस्सों में गैस सप्लाई होती है। इसके लिए बड़ी संख्या में टैंकर पार्किंग में खड़े रहते हैं।

#### ड्राइवरों ने दी प्रबंधन को सूचना

मौके पर मौजूद ड्राइवरों ने तुरंत घटना की सूचना प्रबंधन को दी। सूचना मिलते ही गैल से फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने के प्रयास शुरू किए। प्रबंधन के अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए। फायर ब्रिगेड ने तत्परता दिखाते हुए कुछ ही समय में आग पर काबू पा लिया।

#### गनीमत रही, टैंकर खाली था

शुरुआती जानकारी के अनुसार, टैंकर के अगले हिस्से से चिंगारी निकली, जिसके बाद आग लग गई। आग ने पूरे टैंकर को अपनी चपेट में ले लिया।

गनीमत रही कि टैंकर खाली था और उसमें गैस नहीं थी। अगर टैंकर में गैस भरी होती, तो यह एक भीषण हादसा हो सकता था। प्लांट प्रबंधन ने इस घटना की जाँच शुरू कर दी है कि पार्किंग में खड़े टैंकर में अचानक आग कैसे लगी।

इस घटना ने प्लांट की सुरक्षा व्यवस्था और टैंकरों की नियमित जाँच को लेकर कुछ सवाल खड़े किए हैं, जिन पर प्रशासन को ध्यान देने की आवश्यकता है।

**इनका कहना है**

पार्किंग एरिया में खड़े टैंकर में आग लगी थी। जल्द ही आग पर काबू पा लिया गया है।
**-रितुराज सिंह,** विजयपुर थाना प्रभारी

### महिला मंडल द्वारा विमानोत्सव में वीरांगनाओं की वेशभूष में ऑपरेशन सिंदूर की प्रस्तुति दी



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

महिला जैन मिलन आरोही द्वारा आचार्यश्री विद्यासागर महाराज की प्रेरणा से संचालित विभिन्न प्रकल्प पूर्णायु, बालिकाओं का स्कूल प्रतिभास्थली एवं गुना में बनने जा रहे जैन स्कूल की झांकी का प्रदर्शन किया गया। विमान नसिया जी पहुंचने पर श्रीजी का कलश अभिषेक एवं विश्वशांति की भावना से शांतिधारा हुई। इस अवसर पर मंच पर निर्यापक मुनिश्री योग सागर महाराज के आशीर्वचन हुए। कार्यक्रम के अंत में समस्त गुना जैन समाज एवं बाहर से अतिथियों का स्नेहभोज भी आयोजित किया गया। रात्रि कालीन संध्या में पाठशाला परिवार द्वारा शरद पूर्णिमा के दो चंदा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति हुई। वहीं रविवार को विमानों की वापिसी होगी। इस दौरान विमान बीजी रोड, जयस्तंभ चौराहा, नईसडक़, पंडाजी चौराहा होते हुए पुनः पाश्र्वनाथ बड़ा जैन मंदिर पहुंचेंगे।

### 27 नवंबर को होगा पत्रकार भवन का लोकार्पण

**गुना।** जिले के पत्रकारों के वर्षों के इंतजार की घड़ी अब समाप्त होने जा रही है। प्रेस क्लब अध्यक्ष आनंद सिंह लोढ़ा ने बताया कि लंबे समय से निर्माणाधीन पत्रकार भवन का लोकार्पण 27 नवंबर को केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के शुभ हाथों से किया जाएगा। आयोजन समिति ने जिले के सभी पत्रकारों से अपील की है कि वे इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बनें और कार्यक्रम में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें। यह भवन पत्रकार साथियों की साझा उपलब्धि है, इसलिए उद्घाटन कार्यक्रम में सभी पत्रकारों की मेजबानी का दायित्व भी उन्हीं का होगा।

## जिला अस्पताल में आक्सीजन उत्पादन प्लांट शिफ्ट करने की प्रक्रिया शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

कलेक्टर किशोर कन्याल के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजकुमार ऋषिश्वर तथा सिविल सर्जन डॉ. वी.एस. रघुवंशी के मार्गदर्शन में जिला अस्पताल में स्थापित ऑक्सीजन उत्पादन प्लांट 1000 LPM को नई लोकेशन पर शिफ्ट किए जाने की प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है। PSA प्लांट के नए स्थान पर शिफ्ट कर इससे अस्पताल के सभी वार्डों में निर्बाध ऑक्सीजन आपूर्ति सुनिश्चित करने में सुविधा मिलेगी तथा आपातकालीन परिस्थितियों में बेहतर प्रबंधन संभव हो सकेगा।

अस्पताल प्रबंधन के अनुसार प्लांट शिफ्टिंग कार्य मानक सुरक्षा नियमों और तकनीकी विशेषज्ञों की निगरानी में किया जा रहा है। प्लांट के नए परिसर में सुरक्षा,




पाइपलाइन नेटवर्क, विद्युत आपूर्ति, वेंटिलेशन और फायर सेफ्टी की समुचित व्यवस्था की जा रही है।
सहायक प्रबंधक एवं ऑक्सीजन नोडल अधिकारी डॉ सूरज सिंह ने बताया कि स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। PSA प्लांट के नए स्थान पर स्थापित कर चालू कराया जाएगा जिससे मरीजों को बेहतर एवं निर्बाध ऑक्सीजन उपलब्ध होगी। सिविल सर्जन डॉ. वी.एस. रघुवंशी ने कहा कि PSA प्लांट की नई लोकेशन अस्पताल की तकनीकी आवश्यकताओं के अनुरूप अधिक उपयुक्त है, जिससे ऑक्सीजन प्रबंधन और प्रभावी होगा ।

### नर्मदा जयंती मनाने हेतु होगी बैठक आयोजित

**गुना।** रविवार को दोपहर ग्यारह बजे बजरंगगढ़ रोड़ स्थित महर्षि आश्रम के सामने स्थित हनुमान मंदिर पर चंदेल क्षत्रिय चिडार समाज की बैठक आयोजित की गई है जिसमें समाज के अध्यक्ष नारायण लाल मैयर ने आगामी जनवरी माह में मां नर्मदा जयंती मनाने पर विचार विमर्श करने के लिए समाज बंधुओं को आमंत्रित किया है। अतः रविवार को सभी उपस्थित होकर बैठक को सफल बनाने का अनुरोध किया है।

**गीता स्वाध्याय होगा आयोजित:** विश्व गीता प्रतिष्ठानम स्वाध्याय मंडल गुना द्वारा प्रति रविवार को किया जाने वाला गीता स्वाध्याय रविवार को शाम 4बजे शास्त्री पार्क सब्जी मंडी में स्थित रामेश्वर महादेव मंदिर पर आयोजित किया जायेगा। यजमान बुंदेलसिंह यादव ने अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्मप्रेमियों से धर्मलाभ प्राप्त करने का अनुरोध किया है ।

## कलेक्टर ने वार्डों में एसआईआर कार्य की प्रगति की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने शनिवार को वार्ड 20 एवं वार्ड 21 (हड्डीमील, बीजी रोड) क्षेत्र का दौरा कर एसआईआर कार्य की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने बीएलओ से घर-घर सर्वे की स्थिति, लंबित फॉर्मों की संख्या और अपडेट किए गए फॉर्मों की जानकारी ली। कलेक्टर ने वार्डवासियों से भी बातचीत कर उन्हें सर्वे में सहयोग करने



के लिए प्रोत्साहित किया।इसके बाद मिडिल स्कूल बजरंगगढ़ और मुख्य बाजार क्षेत्र में भी पहुंचे। उन्होंने बीएलओ से फॉर्मों की वास्तविक स्थिति पूछते हुए कहा परिवार में बहुओं की जानकारी उनके माता-पिता, दादा-दादी या उपलब्ध परिजनों से भी ली जा सकती है, ताकि किसी भी व्यक्ति का विवरण छूट न पाए। दौरे के दौरान तहसीलदार जी.एस. बैरवा, आरआई के.एन. साहू सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को वितरण एवं एसआईआर कार्य पर बैठक आयोजित

# राजनीतिक दलों से प्राप्त सुझावों पर चर्चा, तेज प्रगति से चल रहा कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

कलेक्ट्रेट सभागार में कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल की अध्यक्षता में SIR कार्य प्रगति, नगर निकायों की फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण-2025 तथा राजनीतिक दलों से प्राप्त सुझावों पर चर्चा हेतु स्टैंडिंग कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनप्रतिनिधियों सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर कन्याल ने बताया कि जिले में SIR कार्य तेजी से प्रगति पर है। फार्म वितरण एवं भरने की प्रक्रिया निरंतर जारी है। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक चरण में फॉर्म उपलब्ध होने में विलंब के बावजूद गुना जिला प्रदेश के शीर्ष 15 जिलों में शामिल है। वर्तमान में जिले में 53% कार्य पूर्ण हो चुका है तथा शेष कार्य को आने वाले चार दिनों में 100% लक्ष्य तक पहुंचाने के निर्देश दिए गए हैं।

उन्होंने बताया यदि कोई मतदाता दो स्थानों पर दर्ज है और वह किसी अन्य स्थान पर निवास कर रहा है, तो उसकी प्रविष्टियों को समेकित कर



एक ही स्थान पर मतदान की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। कलेक्टर ने अधिकारियों को प्रतिदिन समीक्षा कर कार्य प्रगति का मूल्यांकन करने के निर्देश दिए।
बैठक में बताया गया जिले के 10 बीएलओ पहले ही 100% लक्ष्य प्राप्त कर चुके हैं, जबकि शेष BLO को भी आगामी चार दिनों में लक्ष्य हासिल करने के निर्देश दिए गए हैं।

राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 1 जनवरी 2025 की स्थिति में तैयार फोटोयुक्त अंतिम मतदाता सूची का 21 नवंबर 2025 को नगर पालिका एवं अन्य निर्धारित स्थानों पर सार्वजनिक प्रकाशन कराया गया। प्रकाशन उपरांत सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को नगरपालिकाओं की फोटो युक्त मतदाता सूचियों का प्रदाय किया गया। बैठक में सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को SIR के वार्डवार आंकड़ों तथा निर्वाचन संबंधी अद्यतन जानकारी प्रदान की गई।

इस दौरान उन्होंने राजनीतिक दलों से मतदाता सूची के सत्यापन, सुधार और निर्वाचन प्रक्रिया में पूर्ण सहयोग प्रदान करने की अपील की। आज आयोजित बैठक में संयुक्त कलेक्टर डॉ.संजीव खेमरिया, इलेक्शन सुपरवाइजर श्री विजय माथुर सहित राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## समाचार संक्षेप

### घायल महिला को खटिया की मदद से पहुंचाया अस्पताल, नहीं मिली 108 एंबुलेंस की सुविधा

**मक्सूदनगढ़** । नगर से एक बार 108 एंबुलेंस की सुविधाओं की पोल खोलती तस्वीर निकलकर सामने आई है। पूरा मामला यह है कि, महिला मुलिया बाई पति श्याम बाबू सिलावट जंगल में लकड़िया लेने गई थी। इसी दौरान जंगली सूअर ने महिला पर हमला कर दिया। हमले में महिला बुरी तरह घायल हो गई, जैसे ही महिला की जानकारी, महिला के परिवार के लोगों को लगी तो,महिला के परिवार वाले घटनास्थल पर पहुंच गए, और कई बार महिला के परिवार के लोगों ने 108 एंबुलेंस को फोन लगाया, पर 108 एंबुलेंस की कोई मदद, घायल महिला को नहीं मिल पाई। फिर महिला के परिवार के लोग, घायल महिला को खटिया के सहारे मक्सूदनगढ़ सरकारी अस्पताल के लिए रवाना हो गए, पर हैरानी की बात तो यह रही कई, घंटे बीत जाने के बाद भी, घायल महिला को 108 एंबुलेंस की मदद नहीं मिल पाई। जबकि महिला का इलाज,मक्सूदनगढ़ सरकारी अस्पताल में डॉ, द्वारा किया गया, फिर इलाज के बाद महिला को गुना रेफर कर दिया।



### मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान में मतदान केंद्रों पर भाजपा कार्यकर्ता कर रहे बीएलओ का सहयोग

**गुना**। शनिवार को भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार गुना नगर के विभिन्न मतदान केंद्रों पर पहुंचे!भाजपा नगर मंडल मीडिया प्रभारी मुकेश ओझा ने बताया कि जिलाध्यक्ष श्री सिकरवार द्वारा भाजपा नगर मंडल गुना के अटल शक्ति केंद्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 9 के मतदान केंद्र क्रमांक 48 पर पहुंचकर बीएलओ विवेक श्रीवास्तव के साथ मतदाताओं को गणना प्रपत्र वितरित किए एवं बीएलओ से फार्म जमा एवं ऑनलाइन संबंधित जानकारी प्राप्त की साथ ही वार्डवासियों से आग्रह किया कि गणना पत्रक में अपने परिवार की सही जानकारी भर शीघ्र अतिशीघ्र संबंधित बीएलओ को जमा कराएं।इस दौरान बूथ 48 पर जिन मतदाताओं ने गणना पत्रक पूर्ण कर जमा किए उनका माल्यार्पण कर सम्मान किया। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष एवं BLA –1 शिवपाल परमार ,जिला कोषाध्यक्ष मोहित नामदेव ,नगर मंडल महामंत्री हरीश उरैया, नीरज जैन ,मंडल उपाध्यक्ष प्रमोद जोशी ,पार्षद विनोद लोधा ,मीडिया प्रभारी मुकेश ओझा ,शक्तिकेंद्र संयोजक जितेंद्र परिहार , सोनू ओझा, गोविंद ओझा बीएलओ विवेक श्रीवास्तव , BLA–2 मुकेश साहू मंडल उपाध्यक्ष प्रमोद जोशी रमेश राठौड़ मनोज राठौर सहित अन्य कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।



### सदगुरू हॉस्पिटल में सभी मरीजों के सफल ऑपरेशन

**बीनागंज** । सदगुरू हॉस्पिटल आनंदपुर में आयोजित मोतियाबिंद ऑपरेशन अभियान में शामिल सभी 104 मरीजों के सफल ऑपरेशन संपन्न हुए। उपचार के बाद लौटे मरीजों ने अस्पताल की सुविधाओं, भोजन व्यवस्था, साफ-सफाई और स्टाफ के व्यवहार की सराहना की। अस्पताल द्वारा सभी मरीजों को कंबल प्रदान किए गए, जिससे मरीजों में खुशी देखने को मिली। मरीजों ने डॉक्टरों के साथ-साथ नेत्र सहायक सोनू शर्मा का भी धन्यवाद किया और कहा कि उन्होंने पूरी प्रक्रिया में सहयोग कर उन्हें सही दिशा दिखाई। सदगुरू हॉस्पिटल का यह सेवा-कार्य ग्रामीण क्षेत्र के लिए बेहद लाभकारी साबित हो रहा है।

मालवा कॉलेज ऑफ एजुकेशन, बीनागंज में 'ऑपरेशन मुस्कान' विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

# छात्र-छात्राओं को गुमशुदा बच्चों की खोज, बचाव और पुनर्वास से जुड़ी जानकारियां प्रदान की



हरिभूमि न्यूज ⏭चांचौड़ा

मालवा कॉलेज ऑफ एजुकेशन में आज पुलिस विभाग द्वारा संचालित देशव्यापी अभियान 'ऑपरेशन मुस्कान' पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, बीनागंज चौकी प्रभारी अजय प्रताप सिंह चौहान ने छात्र-छात्राओं को गुमशुदा बच्चों की खोज, बचाव और पुनर्वास से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान कीं।कार्यक्रम की शुरुआत मंच संचालक कुलदीप भार्गव द्वारा अतिथियों के स्वागत से हुई। उन्होंने बताया कि 'ऑपरेशन मुस्कान' गृह मंत्रालय की एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य बाल तस्करी को रोकना, लापता बच्चों को खोजकर उनके परिवारों तक पहुँचाना और बच्चों के सुरक्षित भविष्य को सुनिश्चित करना है।बीनागंज चौकी प्रभारी ने छात्रों को जागरूक नागरिक बनने का संदेश देते हुए कहा कि समाज के सहयोग के बिना किसी भी मिशन को पूरी सफलता नहीं मिल सकती। उन्होंने छात्रों को संदिग्ध परिस्थितियों की जानकारी तुरंत पुलिस को देने का आग्रह किया।ऑपरेशन मुस्कान संबंधित समस्त जानकारी सभी विद्यार्थियों के साथ साझा की साथ ही साथ सोशल मीडिया का दुरुपयोग कर चलाए जा रहे फेक आईडी से साइबर स्कैम के बारे में सभी छात्रों को अवगत कराया।कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के असिस्टेंट डायरेक्टर नितिन गौरकर , प्रशासनिक अधिकारी वीरेंद्र सेन एवं डीन ऑफ एकेडमी भारती भार्गव का विशेष योगदान रहा, जिन्होंने छात्रों को मानव सेवा और सामाजिक उत्तरदायित्व की दिशा में प्रेरित किया।कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय प्रबंधन की ओर सेमहाविद्यालय के चेयरमेन प्रदीप सेनडायरेक्टर डॉ मधु कृष्णानी ,तथा डायरेक्टर आनंद मंगल जी के द्वारा पुलिस विभाग और अतिथियों का हृदय से आभार व्यक्त किया गया। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय सदैव ऐसे सामाजिक एवं जनहितकारी कार्यक्रमों का आयोजन करता रहेगा, जिससे विद्यार्थियों में सुरक्षा, जागरूकता और संवेदनशीलता बढ़े।

# 27 को नव निर्मित आचार्य विद्यासागर साधिका आश्रम का उद्घाटन



हरिभूमि न्यूज ⏭आरोन

आचार्य भगवान 108 श्री विद्यासागर महा मुनि राज के मंगल आशीर्वाद एवं आर्यिका रत्न श्रेष्ट श्री105 आदर्श मति माता की मंगल प्रेरणा से नगर में चातुर्मास कर मुनि दुर्लभ सागर महाराज ससंघ के परम सान्निध्य मे 27 दिसंबर को नवीन नव निर्मित साधिका आश्रम का उद्घाटन होने जा रहा है कार्यक्रम के बारे में विस्तार सेजानकारी देते हुएटेस्ट कमेटी केऑडिटर संतोष जैन लल्लु कलेशिया ने बताया की नगर का यह परम सौभाग्य है की साधना का श्रेष्ठ साधन आचार्य गुरुदेव विधासागर की मंगल आशीर्वाद से देश के कुछ चुनिंदा नगरों में स्थापित हुआ है उसमें से एक आरोन नगर में संचालित है जहां सैकड़ो साधिका मां आश्रम रहकर आत्म कल्याण की भावना से साधना कर रही है अब साधिका आश्रम अपने नब निर्मित भवन में पहुंच रहा है जहाँ युग शिरोमाणि संत के दुर्लभ शिष्य के परम सानिध्य मे 27 नवम्बर के दिन यह पुण्य पुनीत कार्यक्रम सम्पन्न होगा साथ ही मुनि श्री दुर्लभ सागर महाराज के मंगल सानिध्य में आरोन स्थित दिनांक 28 नवंबर को श्री पार्श्वनाथ छोटा जैन मंदिर पर वेदी शिलान्यास का कार्यकम होगा एवं 30 नवंबर को पमुनि श्री दुर्लभ सागर महाराज जी का पिच्छिका परिवर्तन वर्धमान कांपलेक्स मे आयोजित होगा।

## जिला पुस्तकालय में सुविधाओं के विस्तार के निर्देश, प्रतियोगी छात्रों को मिलेगा लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

कलेक्टर गुना के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर अखिलेश जैन ने 13 जून 2025 को शासकीय जिला पुस्तकालय ज्ञान लाइब्रेरी का निरीक्षण किया तथा जिला प्रबंधन समिति की बैठक की अध्यक्षता की। बैठक के बाद उन्होंने पुस्तकालय में उपस्थित पाठकों से सीधे चर्चा की और उनकी समस्याओं की जानकारी ली।

पाठकों द्वारा रीडिंग रूम में बैठने के लिए सीमित स्थान तथा वाहन पार्किंग की परेशानी का मुद्दा प्रमुख रूप से उठाया गया। इस पर अपर कलेक्टर श्री जैन ने तत्काल समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने रीडिंग रूम–2 को पाठकों के लिए खोलने तथा आवश्यकता पड़ने पर दूसरी मंजिल स्थित भवन में भी बैठक व्यवस्था उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। निर्देशों के पालन में, दूसरी मंजिल के हॉल की साफ-सफाई कराकर वहाँ टेबल-कुर्सियाँ व्यवस्थित रूप से लगाई गईं और उसे पाठकों के उपयोग हेतु तैयार कर दिया गया है। बैठक के अंत में पुस्तकालय के सचिव ध्रुव सिंह यादव ने सभी सदस्यों एवं अधिकारियों का आभार व्यक्त किया तथा धन्यवाद ज्ञापित कर बैठक समाप्त की।शासकीय जिला पुस्तकालय में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए रीडिंग रूम, वाई-फाई इंटरनेट, ई-लाइब्रेरी, मासिक पत्रिकाएँ, समाचार पत्र आदि सुविधाएँ उपलब्ध हैं। इच्छुक विद्यार्थी अधिक से अधिक संख्या में अपना एडमिशन कराकर इन सुविधाओं का लाभ ले सकते हैं।

# योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर यह केवल शारीरिक व्यायाम नहीं: सुरेंद्र चतुर्वेदी

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना



केंद्रीय विद्यालय गुना में प्रातः एक प्रेरणादायी एवं उत्साहपूर्ण योग सत्र का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों, शिक्षकों तथा अभिभावकों के बीच योग के प्रति जागरूकता बढ़ाना और स्वस्थ जीवनशैली की ओर प्रेरित करना था।

विद्यालय प्रांगण में प्राचार्य के मार्गदर्शन में आयोजित यह कार्यक्रम अनुशासन, ऊर्जा और सकारात्मकता से परिपूर्ण रहा। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 8 बजे विद्यालय के असेम्बली मैदान में सभी विद्यार्थी, शिक्षक एवं स्टाफ सदस्य एकत्र हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ 'ॐ' ध्वनि तथा प्राणायाम से किया गया, जिसने पूरे वातावरण को शांत और पवित्र बना दिया। इसके पश्चात प्रशिक्षित योगाचार्य महेश पाल ने छात्रों को क्रमबद्ध तरीके से आसनों का अभ्यास करवाया, जिनमें ताड़ासन, वृक्षासन, उर्ध्व हस्तासन, त्रिकोणासन, कपालभाति और अनुलोम–विलोम मुख्य रूप से शामिल थे। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य श्री सुरेन्द्र कुमार चतुर्वेदी महोदय ने अपने उद्बोधन में कहा "योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है। यह केवल शारीरिक व्यायाम नहीं बल्कि मानसिक संतुलन, भावनात्मक स्थिरता और जीवन-दृष्टि को सकारात्मक बनाने की एक पूर्ण प्रक्रिया है। विद्यालय का दायित्व है कि बच्चों को केवल शिक्षा ही नहीं, बल्कि स्वस्थ और संतुलित जीवनशैली भी प्रदान की जाए। आज का योग सत्र उसी दिशा में एक सशक्त कदम है।उन्होंने आगे कहा हम चाहते हैं कि हमारे विद्यार्थी केवल परीक्षा में ही नहीं, बल्कि जीवन की चुनौतियों में भी सफल हों।

योग उन्हें धैर्य, आत्मविश्वास और एकाग्रता प्रदान करता है। प्रत्येक छात्र को प्रतिदिन कम से कम 30 मिनट योग अवश्य करना चाहिए। प्रभारी प्राचार्य ने अभिभावकों से भी अनुरोध किया कि वे बच्चों को घर पर योग एवं प्राणायाम अभ्यास हेतु प्रेरित करें ताकि संपूर्ण परिवार में स्वास्थ्य और शांति का वातावरण बने। योग सत्र में विद्यार्थियों ने बड़ी सक्रियता और उत्साह के साथ भाग लिया।

## जिला अस्पताल में अश्लील वीडियो मामले में 4 आरोपी बढ़ाए गए

**अशोकनगर**। जिला अस्पताल अशोकनगर में पिछली 10 नबंवर को वीडियो वायरल होने का मामला सामने आया था जिसमें दो स्थानों पर अस्लील वीडियो वायरल किए गए थे। यह वीडियो 7 नबंवर के थे। इस वीडियो में जो शख्स नजर आ रहे थे उनके हुलिया के आधार पर पुलिस ने पहले ही 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। अब पुलिस ने 4 आरोपी और बनाए हैं जो जिला अस्पताल के सुरक्षाकर्मी और सफाईकर्मी हैं जिनके द्वारा यह वीडियो वायरल किए गए थे।

सिटी कोतवाली पुलिस के टीआई आरपीएस चैहान के द्वारा उक्त मामले की जांच की जा रही थी। जांच में यह पाया गया कि यह वीडियो सूट किए गए और बाद में उन्हें वायरल किया गया। पुलिस द्वारा उनके मोबाइल जप्त कर फौरसिंक जांच के लिए भेजे हैं जिनके नाम एफआईआर में बढाए गए हैं उनमें सफाई कर्मचारी विकास बाल्मीक और सुरक्षा गार्ड लालू मीना के नाम अस्पताल में बने उद्यान का वीडियो वायरल किया गया था।

इसी प्रकार गेट के पास महिला और पुरूष का वीडियो जलालपुर निवासी माखन अहिरवार ने बनाया था और डोंगर निवासी विशाल यादव द्वारा वायरल किया गया था। थाना प्रभारी का कहना है कि इस तरह के वीडियो बनाना, रखना या वायरल करना अपराध की श्रेणी में आता है, जिन्हे पुलिस को सौंपा जाना चाहिए।

# नोटिस चस्पा करने के एक दिन बाद ही खान ने शस्त्र लॉकर सरेंडर किया

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर




पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में जिले में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने, आपराधिक तत्वों पर अंकुश लगाने तथा शस्त्र लाइसेंस के दुरुपयोग पर प्रभावी रोकथाम हेतु सतत सख्त कार्रवाई की जा रही है।

इसी क्रम में 17 नबंवर को जिला दण्डाधिकारी अशोकनगर द्वारा आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने पर शस्त्र लायसेंसी आजाद खान पुत्र अलीम खान, निवासी ग्राम कोलुआ थाना देहात, हाल निवासी आजाद मोहल्ला थाना कोतवाली अशोकनगर, के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए उनका आम्र्स लाइसेंस जिसमें पिस्टल 32 बोर दर्ज है, को निलंबित किया गया था। साथ ही दण्डाधिकारी द्वारा उक्त शस्त्र को तत्काल संबंधित थाने में जमा कराने के आदेश जारी किए गए थे। जिला प्रशासन के आदेश के बावजूद शस्त्र लायसेंसी द्वारा शस्त्र थाने में जमा नहीं किया गया। इस पर थाना प्रभारी देहात, उप निरीक्षक भुवनेश शर्मा द्वारा दिनांक 21.11.2025 को शस्त्र लायसेंसी आजाद खान के ग्राम कोलुआ रोड स्थित फार्महाउस तथा आजाद मोहल्ला स्थित आवास पर नोटिस चस्पा कर यह निर्देश दिया गया कि वह 02 दिवस के भीतर अपने निलंबित लायसेंस पर दर्ज पिस्टल .32 बोर को थाने में अनिवार्य रूप से जमा करने का नोटिस चस्पा किया गया था जिसके बाद आजाद खान से सरेंडर होते हुए अपना निंलबित शस्त्र लायसेंस के बाद अपना पिस्टल 32 बोर को जमा करा दिया है।

### पर्यवेक्षक की एक वेतन वृद्धि रोकी गई

**अशोकनगर**। कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में लापरवाही वरतने एवं बैठकों में अनुउपस्थित रहने पर महिला एवं बाल विकास ईसागढ की पर्यवेक्षक रजनी बालू की आगामी एक वार्षिक वेतन वृद्धि असंचयी प्रभाव से रोके जाने संबंधी आदेश जारी किया है। उल्लेखनीय है कि निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के कार्यक्रम हेतु रजनी बालू को बीएलओ नियुक्त किया गया था। इनके द्वारा शौपे गए कार्य स्थल पर उपस्थित होकर कार्य न करने तथा आयोजित बैठकों में अनुपस्थित रहने के संबंध में नोटिस जारी किया गया था। नोटिस का जबाब समाधानकारक नही होने पर मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) 1966 के नियम 10 के अंतर्गत एक वार्षिक वेतन वृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकी गई है।

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने की मतदाता सूची के कार्यों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर


कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आदित्य सिंह ने शनिवार को गूगल मीट के माध्यम से जिले मे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उन्होंने जिले में मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य की विधान सभावार समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में अपर कलेक्टर डीएन सिंह, संयुक्त कलेक्टर आर.बी. सिंण्डोस्कर, बृजबिहारीलाल श्रीवास्तव, समस्त एसडीएम, तहसीलदार, सीईओ जनपद, सीएओं उपस्थित रहें।

बैठक में गठना पत्रकों का डिजिटाइजेंसन के कार्यों की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। साथ ही इस कार्य में और तेजी लाए जाने के निर्देश संबंधितों को दिए। उन्होंने समस्त ईआरओ को निर्देशित किया कि बीएलओ द्वारा बीएलओ एप पर गठना पत्रों की ऑनलाइन इंट्री की सतत मॉनीटरिंग कर कार्य में प्रगती लाई जाएं। उन्होंने निर्देशित किया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सभी बीएलओ मतदाताओं से घर-घर जाकर सपर्क करते हुए उनके न्यूमेरेशन फार्म का डिजीटाइजेशन करना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी निर्वाचन पंजीकरण अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक बीएलओ अधिक से अधिक मतदाताओं के मतदाता गठना पत्रकों का डिजीटाइजेशन करें एवं उसकी लगातार मोनीटरिंग की जाएं। बैठक में पिछले 24 घंटों में प्रगती संतोषजनक नही पाए जाने पर उनके ईआरओ से कार्य में प्रगती लाने हेतु निर्देशित किया। बताया कि विधानसभा क्षेत्र अशोकनगर के अंतर्गत 63.77 प्रतिशत गठना पत्रक डिजीटाइजेशन ,विधानसभा क्षेत्र चंदरी अंतर्गत 65.68 प्रतिशत एवं विधानसभा क्षेत्र मुंगावली अंतर्गत 66.87 प्रतिशत गठना पत्रक डिजीटाइजेशन का कार्य पूर्ण हो चुका है।

# डंपर ने स्कूटी में टक्कर मारी 13 वर्षीय किशोर का पैर जख्मी

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर





जिले के देहात थाने के अंतर्गत स्थानीय कोलुआ रोड पर विवेकानंद स्कूल के समीप से गुजर रहे एक डंफर वाहन ने एक स्कूटी को टक्कर मार दी। जिस पर 3 बच्चे बैठे हुए थे। जिसमें देव पुत्र राजभान यादव उम्र 13 साल अपने भाई अमन और बहन खुशी को बाईक पर बिठाकर स्कूल जा रहा था। तभी गिटटी से भरे डंफर ने स्कूटी वाहन में टक्कर मार दी। इस घटना में स्कूटी चला रहे देव यादव का पैर जख्मी हो गया। इस घटना के बाद डंफर चालक अपने वाहन को वहीं पर छोडकर चला गया। जिसके बाद घायल को जिला अस्पताल लाया गया जहां पर डॉक्टरों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उपचार हेतु भोपाल रेफर किया है। उक्त छात्र रामपुरा मोहल्ले का रहने वाला है जो कि कक्षा 6वीं में पढ़ता है। पुलिस ने डंफर जिसका नंबर एमपी67 एच 0257 है उसे अपने कब्जे में ले लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इस रोड पर पहले भी कईं घटनाएं हो चुकी हैं। इस दौरान स्कूटी को डंफर 10 फीट तक घसीटते हुए ले गया। घायल देव यादव को उपचार के लिए भोपाल रेफर किया गया है।

# बीती रात चोरों ने मोबाइल दुकान में चोरी की घटना को अंजाम दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर




स्थानीय स्टेशन रोड स्थित महावीर इंटरप्राइजेज की मोबाइल दुकान से बीती रात अज्ञात बदमाश दुकान के ऊपर से सीलिंग तोड़कर अंदर घुसे और चोरी की घटना को अंजाम दिया। यह पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीव्ही केमरे में कैद हो गई है।

घटना को अंजाम बदमाशों ने दुकाने के ऊपर लोहे की चादर के टीन हटाकर दिया। इस दौरान रात के लगभग 1:30 से 2 बजे के बीच की यह घटना बताई गई है जो कि दुकान में लगे सीसीटीव्ही केमरे में दिख रही है। दुकान मालिक राहुल जैन अपनी दुकान समय बंद करके चले गए थे। दुकान में बाहर से ताले लगे थे और अन्दर घटना हो चुकी थी। इस घटना में दुकान के अन्दर घुसे चोरों ने कीमती मोबाईल एक बैग में भर लिए जिसकी लिखित शिकायत दुकान मालिक द्वारा सिटी कोतवाली थाने में की गई है।

# नगरीय निकाय व पंचायतों के फोटो युक्त निर्वाचक



हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

नगरीय निकाय एवं पंचायतों के फोटो युक्त निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन शनिवार को जिले के सभी सहज दृश्य स्थानों पर कराया गया है। साथ ही राजनैतिक दलों के साथ बैठक का आयोजन शनिवार को कलेक्ट्रेट कॉन्फ्रेस कक्ष मे किया गया। मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को नगरीय निकाय एवं ग्राम पंचायतों की फोटो युक्त मतदाता के अंतिम प्रकाशन की मतदाता सूची अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी डीएन सिंह द्वारा प्रदान की गई। इस अवसर पर इलेक्टशन सुपरवाईजर रज्जाक खान,सहित राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहें।

## खबर संक्षेप

### मंत्री सिंधिया 28 को करेंगे चंदेरी महोत्सव का शुभारंभ

**अशोकनगर।** केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया पड़ौसी जिला गुना के तीन दिवसीय दौरे पर आ रहे हैं इस भ्रमण कार्यकम्र के दौरान 28 नबंवर को गुना के कोंकर ग्राम से दोपहर 3:15 बजे ईसागढ तहसील के ग्राम कोहरवास पहुंचेगें। जहां आमजनों से मिलेगें और 3:30 बजे कोहरवास से प्रस्थान करेगें और 4:30 बजे चन्देरी पहुंचेगें जहां चन्देरी महोत्सव का शुभारंभ कर वहां से वापिस गुना के लिए प्रस्थान करेंगे।

### अवैध शराब के अनेक मामले किए गए दर्ज

**अशोकनगर।** जिले में अवैध शराब के कईं मामले दर्ज किए गए हैं जिले की ईसागढ़ थाने की पुलिस ने ग्राम खैराई निवासी संतोष आदिवासी के पास से 10 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। जिले के मुंगावली थाने की पुलिस ने सोनू अहिरवार निवासी अजीत कॉलोनी मुंगावली के पास से 8 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है।

### ट्रैक्टर ने मारी बाइक को टक्कर, प्रकरण पंजीबद्ध

**अशोकनगर।** जिले के कचनार थाने के अंतर्गत ग्राम फतेहपुर निवासी धन्नालाल कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि शिशुपाल यादव ने अपने ट्रेक्टर को तेजी व लापरवाही से चलाकर उसकी बाईक में टक्कर मार दी जिससे उसकी बाईक क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने ट्रेक्टर चालक पर मामला दर्ज किया है।

### मारपीट की घटनाओं के अनेक मामले दर्ज किए

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत मढी तूमैन निवासी अनेश ओझा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी पिन्टू परिहार, राहुल और अमन केवट ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत मंदसौर मिल क्षेत्र निवासी केसर बाई मीणा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सुमित बाल्मीक ने घर खाली कराए जाने पर से उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कचनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत माता मढ मोहल्ला अशोकनगर निवासी पूजा अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसकी ससुराल खेजरा कला में है ससुराल पक्ष की ओर से हल्कैया, शीलाबाई, रामबाबू और रामनिवास अहिरवार ने उसे शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ति कर मारपीट की।

---

### हाइवे से जिला मुख्यालय व कई तहसीलें और सैकड़ों ग्राम पंचायतें वंचित


# अशोकनगर मुख्यालय से जोड़ा जाए 6 लेन इकोनामिक कॉरिडोर, उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

बेहतर रेल सुविधाएं और राष्ट्रीय राजमार्ग हर जिले की पहचान होती हैं अगर कनेक्टविटी के साधन नहीं हैं तो वह जिला और पूरा क्षेत्र विकास से कोसों दूर रहता है। अगर विकास के संसाधन हों और आने जाने की कनेक्टविटी न हो तो वह विकास के सारे कार्य सौंगातहीन हैं। जिले से केन्द्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गड़करी द्वारा स्वीकृत किए गए ग्वालियर से नागपुर व्हाया बैतूल नया इकोनामिक कॉरिडोर अशोकनगर जिले से निकलना है लेकिन इस कॉरिडोर का रास्ता जिला मुख्यालय से किए जाने की जरूरत है ताकि कनेक्टविटी की एक नई कहानी जिले में लिखी जा सके।

#### केन्द्रीय मंत्री सिंधिया हैं तो सब कुछ संभव है तो फिर देर क्यों?

यहां की आम जनता में एक नारा खूब गूंज रहा है अगर केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया हैं तो सब कुछ संभव है यदि यह नारा सही है तब अशोकनगर जिला मुख्यालय नेशनल हाईवे से वंचित क्यों है यह सवाल भी इस नारे के साथ जुड़ा हुआ है। जिला मुख्यालय लगातार नेशनल हाईवे के मामले में उपेक्षा का शिकार हो रहा है। जितने भी हाइवे आ रहे हैं उसका लाभ जिले






के कुछ हिस्से को मिल रहा है, शेष हिस्सा लाभ से वंचित है और उपेक्षा का शिकार हो रहा है। जो हिस्सा लाभान्वित हो रहा है उसमें चंदेरी से निकलने वाले रास्ते मुंगावली होते हुए बंगला चैराहे से मेलुआ चैराहे होते हुए सीधे विदिशा सागर भोपाल के अलग अलग रास्तों से जुड़ते हैं लेकिन यहां की कहानी कुछ और है यहां जिला मुख्यालय के डेढ लाख नागरिकों और लगभग 2 ग्राम पंचायतों के हजारों ग्रामीणों की मांग है कि चंदेरी से इस नेशनल हाईवे को थूवोन रोड़ होते हुए अशोकनगर से बंगलाचैराहा जोड़ा जाए जिससे शेष हिस्सा भी लाभान्वित हो सकेगा। चंदेरी का बंगला चैराहे का हिस्सा तो पहले ही लाभान्वित हो चुका है।

यह इकोनामिक कॉरिडोर मध्य भारत विकास पथ के नाम से जाना जाएगा। जिसकी कुल लंबाई 746 किलोमीटर अनुमानित है और इस पर 3819 करोड रुपए की लागत प्रस्तावित की गई है। यह मध्य भारत विकास पथ ग्वालियर, शिवपुरी, अशोकनगर, विदिशा भोपाल, जिलों से होता हुआ गुजरेगा। जिसमें चंदेरी जिला अशोकनगर को पर्यटन विकास के लिए शामिल किया गया है। अगर इसे चंदेरी से अशोकनगर जोड़कर सर्वे में शामिल किया जाए तो चंदेरी के साथ जिला मुख्यालय भी लाभान्वित हो सकेगा। जिला मुख्यालय अभी तक हाईवे कनेक्टिविटी में नहीं है जिसके लिए पिछले दो वर्षों से लगातार कलेक्टर अशोकनगर के माध्यम से एवं क्षेत्रीय सांसद व केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के द्वारा मांग की जा रही है। अब क्योंकि मध्य भारत इकोनामिक कॉरिडोर को बनाए जाने के लिए फीजिबिलिटी सर्वे कराया जा रहा है जिसमें ट्रैफिक लोड आदि की गणना की जा रही है तब ऐसी स्थिति में अशोकनगर जिला मुख्यालय को इस मध्य भारत कॉरिडोर से जोड़ने की मांग ने जोर पकड़ लिया है। जिसके लिए केंद्रीय मंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया से पत्र व्यवहार किए जा रहे हैं और उनसे यह मांग की गई है कि, वह अशोकनगर जिला मुख्यालय को इस इकोनामिक कॉरिडोर से कनेक्ट किए जाने के लिए केंद्रीय भूतल परिवहन मंत्री भारत सरकार नितिन गडकरी को अपना अनुशंसा पत्र प्रेषित करें ताकि अशोकनगर जिला मुख्यालय हाईवे कनेक्टिविटी में आ जाए।

#### कृषि उत्पादन, व्यापार, रोजगार को बढ़ावा मिलेगा

अशोकनगर जिला मुख्यालय को इस इकोनामिक कॉरिडोर से जोड़ने के लिए जो सुझाव प्रेषित किया गया है, उसके तहत चंदेरी से थूबोन, अशोकनगर होते हुए बंगला चैराहा और आगे मेहलुआ चैराहा के माध्यम से विदिशा भोपाल को कनेक्ट करने की मांग रखी गई है। इससे अशोकनगर जिले के कृषि उत्पादन गेहूं, चना जिसकी प्रसिद्धि पूरे देश में है, उसके व्यापार व्यवसाय में उन्नति होगी और साथ ही बीना रिफाइनरी के पास 49000 करोड़ से बनने जा रहे पेट्रोलियम परिसर और भविष्य में अशोकनगर जिले में स्थापित उद्योगों के लिए यह इकोनामिक कॉरिडोर बेहद लाभकारी सिद्ध होगा।

---

## 45 लाख ऑनलाइन ठगे, पुलिस ने अलवर से गिरफ्तार किए पिता-पुत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर




पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारी, समस्त थाना प्रभारी एवं समस्त चैकी प्रभारियों को धोकाधडी, ठगी के प्रकरणों में तत्काल कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी क्रम में चन्देरी पुलिस 6,26,657 रूपये की ठगी करने वाले आरोपी अरबाज पुत्र मेहमूद खाँ उम्र 20 साल निवासी ग्राम पाटा थाना नौगंवा एवं मेहमूद पुत्र कमरू खाँ उम्र 40 साल निवासी ग्राम पाटा थाना नौगंवा जिला अलवर के बैंक खातों की जांच कर रही है। पुलिस ने उन्हें उनके घर से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।

उल्लेखनीय है कि आवेदक प्रतीक जैन पुत्र राजेश कुमार जैन उम्र 28 साल निवासी वार्ड नं. 4 पखन दरवाजा रोड नरसिंह मदिर के पास चंदेरी के द्वारा एक लिखित शिकायत कि गई की वह 17 सितंबर को अपनी फेसबुक अकाउण्ट चला रहा था फेसबुक आईडी पर नटराज कंपनी के ऐड को देखा और ऐड में दिये गये मोबाईल नंबर 7877939494 पर फोन लगाया तो फोन पर बताया कि आपको नटराज कम्पनी से सामान व प्रोडक्ट आयेगे जिनको आपको पैक करना है। जिसकी रजिस्ट्रेशन फीस 650 रूपये है फिर मैने फोन पे के माध्यम से पैसे ट्रांसफर किये फिर वहा से व्यक्ति ने बहुत सारे तरीको से मुझ से कुल 6,26,657 रूपये डलवा लिए उसके बाद मुझे समझ आया कि मेरे साथ मे ठगी हो गई है। जिसकी रिपोर्ट पर से थाना चन्देरी में अपराध दर्ज कराया गया। विवेचना के बाद पुलिस द्वारा आरोपीगणों की तलाश की गई एवं आरोपियों से 5,74,000 रूपये बरामद किये गये। जब आरोपीयो के अकाउण्ट की जानकारी प्राप्त की गई तो एक माह मे उनके बैंक खातें में करीबन 45 लाख रूपये के लेनदेन के संबंध में जानकारी प्राप्त हुई जिसके बाद थाना चन्देरी की टीम के द्वारा आरोपीयो अरबाज पुत्र मेहमूद खाँ उम्र 20 साल निवासी ग्राम पाटा थाना नौगंवा एवं मेहमूद पुत्र कमरू खाँ उम्र 40 साल निवासी ग्राम पाटा थाना नौगंवा जिला अलवर राजिस्थान दोनो पिता पुत्र को उनके घर पर दबिस देकर गिरफ्तार किया गया एवं दोनो से ठगी के अन्य मामलो मे पूछताछ की जा रही है। उपरोक्त सराहनीय कार्य में निरी. मनीष जादौन, उनि. नीलम सिह यादव, आर. योगेन्द्र रघुवंशी, आर. आनंद राजपूत, आर. संतोष त्यागी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

---

## मुस्कान अभियानः सेहराई विद्यालय में पुलिस ने संवाद से दी जागरुकता

**अशोकनगर।** शनिवार को शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल सेहराई में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें विद्यालय के सैकड़ों छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को स्व-सुरक्षा, कानून एवं साइबर अपराधों से बचाव संबंधी आवश्यक जानकारियों से अवगत कराना था, जिससे वे किसी भी प्रतिकूल परिस्थिति में सजग एवं सुरक्षित रह सकें।

कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोकनगर गजेन्द्र सिंह कुँवर, थाना प्रभारी सेहराई उपनिरीक्षक धर्मेश दांगी, विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकगण विशेष रूप से उपस्थित रहे। अधिकारियों ने बच्चों को संवेदनशील विषयों पर सरल एवं व्यावहारिक उदाहरणों के साथ मार्गदर्शन दिया। अतिरिक्त



पुलिस अधीक्षक अशोकनगर गजेन्द्र सिंह कुँवर द्वारा बाल/बालिकाओं को बताया गया कि बालिग होने की निर्धारित आयु से पहले अनुचित कदम उठाना, जैसे घर से भागना या किसी के बहकावे में आना कानूनी रूप से दंडनीय अपराध है। नाबालिगों के किसी भी ऐसे कृत्य में संलिप्त पाए जाने वाले के भविष्य पर गंभीर दुष्प्रभाव झेलने पड़ते हैं। विद्यार्थियों को समझाया गया कि किसी भी परिस्थिति में विवेकशीलता बनाए रखें और किसी भी प्रकार के निर्णय या समस्या की जानकारी अपने माता-पिता और अभिभावकों को अवश्य दें।

साइबर सेल द्वारा आम होने वाले साइबर अपराधों जैसे सोशल मीडिया पर फ्रॉड, फर्जी आईडी बनाकर बात करना, निजी फोटो/वीडियो का दुरुपयोग, फिशिंग, ओटीपी फ्रॉड से सावधान रहने हेतु विस्तृत जानकारी दी गई। बच्चों को बताया गया कि किसी भी अनजान लिंक, वेबसाइट या सोशल मीडिया प्रोफाइल पर बिना सत्यापन के विश्वास न करें, तथा ऑनलाइन गेमिंग और सोशल मीडिया पर अपनी निजी जानकारी साझा करने से पूर्णतः बचें।

---

### गत 15 सितंबर को अस्पताल के सामने किया विरोध-प्रदर्शन

## आम सड़क अवरुद्ध कर चक्काजाम करने वाले 8 लोगों पर मुंगावली पुलिस ने की प्रभावी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

पिछले दिनों 15 सितंबर को सरकारी अस्पताल के सामने किए गए विरोध प्रदर्शन के बाद पुलिस ने विरोध प्रदर्शन करने वाले 8 आरोपियों पर प्रभावी कार्यवाही की है।

आवेदक हरिभगवान रघुवंशी, उम्र 52 वर्ष, निवासी एल.आई.जी.-1247 न्यू दर्पण कॉलोनी ठाठीपुर ग्वालियर द्वारा थाना मुंगावली में एक लिखित आवेदन प्रस्तुत कर बताया गया कि कस्बा मुंगावली स्थित चंदेरी रोड पर सरकारी अस्पताल के सामने कुछ अज्ञात व्यक्तियों द्वारा एक राय होकर आम सड़क को अवरुद्ध कर दिया गया, जिससे आमजन के आवागमन में गंभीर बाधा उत्पन्न हुई। इस सूचना पर थाना मुंगावली में अप.क्र. 319/25, धारा 191(2), 126(2), 185 बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अशोकनगर त्रराजीव कुमार मिश्रा द्वारा तत्काल थाना प्रभारी मुंगावली उनि0 जोगेन्द्र यादव को त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया।



निर्देशों के पालन में शनिवार को पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेन्द्र सिंह कँवर तथा एसडीओपी मुंगावली सुश्री सनम बी. खान के मार्गदर्शन में पुलिस टीम द्वारा घटना में शामिल सभी आरोपियों की पहचान सुनिश्चित की गई एवं उनके विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई की गई। जिनमें भूपत सिंह पुत्र विजय कुशवाह (38 वर्ष), बंटू कुशवाह पुत्र फूलसिंह कुशवाह (36 वर्ष), कल्लू उर्फ गुलाब सिंह पुत्र बादाम सिंह कुशवाह (36 वर्ष), जय सिंह कुशवाह पुत्र रामकिशन कुशवाह (35 वर्ष), ब्रजेश कुशवाह पुत्र नंदराम कुशवाह (30 वर्ष), पप्पूलाल कुशवाह पुत्र भगवान सिंह कुशवाह (44 वर्ष), सनथ कुशवाह पुत्र जगदीश सिंह कुशवाह (28 वर्ष) तथा बाबूलाल कुशवाह पुत्र नत्थालाल कुशवाह (40 वर्ष) शामिल हैं। सभी आरोपी निवासी ग्राम ढुडेर, थाना मुंगावली, जिला अशोकनगर हैं, जिन्होंने सामूहिक रूप से सड़क रोककर आम जनजीवन एवं यातायात व्यवस्था में बाधा उत्पन्न की थी।

पुलिस की त्वरित कार्यवाही के परिणामस्वरूप प्रकरण में प्रभावी प्रगति सुनिश्चित हुई है तथा आगे भी ऐसी घटनाओं पर कठोरतम कार्यवाही किए जाने हेतु स्पष्ट संदेश दिया गया है। पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा बताया गया कि ''आमजन की सुरक्षा, सुचारू यातायात एवं शांति-व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी व्यक्ति द्वारा सड़क अवरुद्ध कर जन-जीवन बाधित करने जैसी गतिविधियाँ कतई बर्दाश्त नहीं की जाएंगी। ऐसे कृत्यों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त से सख्त कानूनी कार्यवाही की जावेगी।

---



## इंटर स्कूल टूर्नामेंट में गुना व अशोकनगर की टीमें शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

इंटर स्कूल खो-खो टूर्नामेंट 2025 का आयोजन सहोदया ग्रुप (सीबीएसई)के तहत अंडर 14 और 17 बालक और बालिका वर्ग के बीच मेजबानी करने का मौका स्वामी विवेकानंद हायर सेकेण्ड्री विद्यालय अशोकनगर को मिला।

21 एवं 22 नवम्बर 2025 को अशोकनगर एवं गुना जिले के 500 से अधिक खिलाड़ियों को खो-खो खेलने का अवसर मिला। 21 नवम्बर को बालिकाओं की 21 टीमों के बीच में मैच हुये जिसमें दोनों ही ग्रुपों की टीमों में 14 वर्ष में विजेता स्वामी विवेकानंद स्कूल, द्वितीय स्थान पर रघुवंश कान्वेंट स्कूल गुना एवं तृतीय हिन्दू पब्लिक स्कूल गुना रहा। 22 नबंवर को बालक वर्ग की प्रतियोगिता में 22 टीमों के मध्य खो-खो मैच खेलें गये। इस मौके पर खिलाड़ियों से परिचय ओमप्रकाश अग्रवाल और मनोज जैन पत्रकार ने प्राप्त किया और उनकी हौसंला अफजाई की। इस दौरान विवेकानंद स्कूल के संचालक महेश श्रीवास्तव, मोहित श्रीवास्तव और पीटीआई प्रहलाद श्रीवास्तव उपस्थित थे। इस मौके पर विजेता

**14 वर्ष के आयु वर्ग में यह रहे विजेता**

- विजेता शांति पब्लिक स्कूल गुना
- उप विजेता ब्राइटर वल्ड स्कूल अशोकनगर
- जय ज्योति पब्लिक स्कूल गुना

**17 वर्ष आयु वर्ग के खो-खो के परिणाम**

- विजेता. शांति पब्लिक स्कूल गुना
- स्वामी विवेकानंद विद्यालय अशोकनगर
- सत्य साईं स्कूल गुना

खिलाड़ियों को गोल्ड, सिल्वर, ब्राज मेडल एवं ट्राफी देकर सम्मानित किया गया।

पुरस्कार वितरण बाल सरंक्षण समिति के अध्यक्ष बृज किशोर शर्मा ने किए। प्राचार्य जुगल किशोर शर्मा नईसराय स्कूल एवं डायरेक्टर महेश श्रीवास्तव विद्यालय प्रिंसिपल तरिणी श्रीवास्तव, मोहित श्रीवास्तव अशोक शर्मा आदि इस मौके पर उपस्थित रहे।

---

## मान्या ने 17 वर्ष में किया पहला प्रयास इंदौर में एमबीबीएस के लिए मिला प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ईसागढ़

नगर के माहेश्वरी इंटरप्राइजेज के संचालक रोमेश माहेश्वरी की पुत्री मान्या ने अपनी प्रतिभा और मेहनत के बल पर प्रतिष्ठित एमबीबीएस परीक्षा उत्तीर्ण कर परिवार, समाज एवं ईसागढ़ नगर का नाम गौरवान्वित किया है। मान्या का चयन एमजीएम मेडिकल कॉलेज इंदौर में हुआ है, जो कि प्रदेश के अग्रणी चिकित्सा संस्थानों में से एक है।

सिर्फ 17 वर्ष की उम्र में मान्या ने



पहले ही प्रयास में इस कठिन परीक्षा को उत्तीर्ण कर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। उनकी प्राथमिक शिक्षा आनंद प्राइमरी स्कूल ईसागढ़ में हुई। इसके बाद उन्होंने 12वीं की पढ़ाई के साथ-साथ कोटा स्थित एलन इंस्टीट्यूट में एक वर्ष की कोचिंग लेकर परीक्षा की तैयारी की।

शुक्रवार को मान्या के ईसागढ़ लौटने पर ढोल-नगाड़ों के साथ भव्य स्वागत किया गया। लोगों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया तथा मान्या को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

---

## वीरांगना झलकारी बाई जयंती पर स्मरण कर किया शत-शत नमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

शनिवार को अपने अद्भुत साहस एवं पराक्रम से अंग्रेजी हुकूमत के विरुद्ध अंतिम सांस तक लड़ने वाली महान वीरांगना, नारी शक्ति की प्रतीक झलकारी बाई की जयंती पर अशोकनगर जिला अध्यक्ष दयालु दास शाक्य के साथ सभी समाज जनों ने एकत्रित होकर वीरांगना झलकारी बाई को पुष्प अर्पित कर फूल माला पहनाकर जयंती मनाई गई।

इस अवसर पर जिला महामंत्री कमल सिंह पंथी शाढ़ौरा पूर्व जिला अध्यक्ष करण सिंह पंथी पूर्व जिला अध्यक्ष वृंदावन पथ पूरन सिंह शिक्षक शाक्य समाजसेवी समाज के पूर्व जिला अध्यक्ष प्रेम नारायण शाक्य हमारे रामबाबू शाक्य रघुवीर शाक्य राजकुमार



माहौर रंगकेश माहौर मीडिया प्रभारी राम कृष्ण पूर्व जिला अध्यक्ष जय नारायण शाक्य अमरनाथ माहौर बिट्टू शाक्य सभी समाज बंधुओ ने एकत्रित होकर फूल माला पहनकर जयंती मनाई गई। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि उन्होंने समाज हित के लिए उन्होंने अपना जीवन समर्पित किया। ऐसी वीरांगना मातृशक्ति के लिए कोटी कोटि नमन।

---

### आज होगी जैनेश्वरी दीक्षा, बड़ी संख्या में जैन समाज के श्रद्धालुजन शामिल होंगे

# गोदभराई रस्म के साथ तीर्थभूमि पर निकली विनोली यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

अंचल के सबसे बड़े तीर्थ अतिशय क्षेत्र दर्शनोंदय तीर्थ थूवोनजी में परम पूज्य आध्यात्मिक संत निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी ससंघ के सान्निध्य में आज दोपहर में भव्य जैनेश्वरी दीक्षाए अपने कर कमलों से प्रदान करेंगे। इस हेतु आज दोपहर में दर्शनोदय तीर्थ थूवोनजी के खड़े बाबा भगवान आदिनाथ के दरबार में श्री गणधर महा मंडल विधान का भव्य आयोजन किया गया।

#### धर्म करना बहुत सरल है इसको स्वीकार करना सीख लें

इस अवसर पर धर्म सभा को सम्बोधित करते हुए मुनि पुगंव श्री सुधासागरजी महाराज ने कहा कि धर्म क्षेत्र में कभी दूरी मत बनाना। कभी भी धर्म कार्य को कठिन





मत मानना मंदिर को दूर मत मानना नही तो एक दिन विपरीत परीस्थिति में आप तडप जाओगे और कोई तुम्हारी सुनने बाला नहीं मिलेगा। लक्ष्मण जी की पिछले भव में मंदिर से निकटता रही होगी तब एक रात बाकी थी भारत के आखरी छोड़ पर लंका में लक्ष्मण मुर्छित पड़े थे श्री राम चन्द्र जी को कोई रास्ता नहीं सूज रहा था तब वह मन्दिर की निकटता काम आई और एक रात में संजीवनी बूटी



लेकर हनुमान जी पहुंच गए। बाधा तो बहुत थी फिर भी उन्हें पार करते हुए आखिरकार लक्ष्मण जी अमोघ शक्ति को तोड़कर बाहर आ गए।

उन्होंने कहा कि दर्शनोदय तीर्थ थूवोनजी के खड़े बाबा बड़े चमत्कारी है। आप कहने लगे हैं वहां भी दस वार फिर आये कुछ नहीं भाओ तो समझ लेना हो रहा है वह भी कभी नहीं होगा मेरी बुद्धि मंद है ग्रन्थ तो बहुत सुंदर है मेरी बुद्धि नहीं लग रही है।

#### मुनिश्री के कर कमलों से दीक्षा

इसके पहले कमेटी के प्रचार मंत्री विजय धुर्रा ने कहा कि दर्शनोदय तीर्थ थूवोनजी के इतिहास में पहली बार एक साथ 14 जैनेश्वरी दीक्षाए प्रदान करने जा रही हैं। इस हेतु तीर्थ क्षेत्र कमेटी द्वारा व्यापक तैयारियां की जा रही है। थूवोनजी अध्यक्ष अशोक जैन टींगू मिल उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र रोकड़िया संजीव श्रागर धर्मेन्द्र रोकड़िया संजीव जैन महामंत्री मनोज भैसरवास कोषाध्यक्ष प्रमोद मंगल दीप मंत्री शैलेन्द्र दददा राजेन्द्र हलवाई प्रदीप रानी जैन समाज अध्यक्ष राकेश कासंल महामंत्री राकेश अमरोद कोषाध्यक्ष सुनील अखाई उपाध्यक्ष अजित बरोदिया प्रदीप तारई राजेन्द्र अमन मंत्री शैलेन्द्र श्रागर मंत्री विजय धुर्रा मिडिया प्रभारी अरविंद कचनार सहित अन्य प्रमुख जनों ने उपस्थिति का निवेदन किया है।

### आरोपियों के पास से 16 लाख नकदी सहित 26 लाख का माल जब्त

# 5 राज्यों के कई किसानों से करोड़ों ठगी करने वाले 14 आरोपी गिरफ्तार

## किसानों को विश्वास में लेकर देते थे झांसा, सभी आरोपी उत्तरप्रदेश से रखते हैं ताल्लुक




हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिला पुलिस के हाथ बड़ी सफलता हाथ लगी है। भोले-भाले किसानों का विश्वास जीतकर उनके साथ करोड़ों की ठगी करने वाले अंतरराज्यीय ठग गिरोह को पुलिस ने काफी प्रयासों के बाद पकड़ा है। पुलिस ने आरोपियों के पास से करीब 16 लाख रुपए नकद सहित कार, मोबाइल इत्यादि मिलाकर कुल 26 लाख रुपए का माल जब्त किया है। इस गैंग ने साल 2024 में मप्र के राजगढ़ समेत खंडवा, सीहोर, विदिशा, शाजापुर जिलों में कृषि से जुड़ी फर्जी कंपनी खोलकर किसानों को झांसे में लेकर लालच दिया और बाद में सभी रफू-चक्कर हो गए। पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी ने शनिवार शाम स्थानीय पुलिस कन्ट्रोल रूम में प्रेसवार्ता आयोजित कर पूरे मामले पर विस्तार से प्रकाश डाला।

### यह गैंग ऐसे फंसाती थे किसानों को

इस गैंग के सदस्य गांव-गांव जाकर किसानों से संपर्क करते। बाकायदा उन्हें अपना फर्जी आधार कार्ड आदि दिखाते और सरकारी योजनाओं जैसा माहौल बनाकर भरोसा जीत लेते थे। किसानों को पौधे उपलब्ध करवाकर उनके यहां काम भी करते और बाद में किसानों से कुछ नकदी लेते और खेत में गोदाम बनाकर फिर हर महीने 50 हजार रुपए का किराया देने का वादा करते थे। 2-3 महीने में किसानों का इतना भरोसा जीत लेते थे कि वो इनके झांसे में आ जाते और फर्जी खातों व नकद राशि ट्रांसफर कर दिया करते थे। इस तरह 3-4 महीने तक सक्रिय रहने के बाद पूरी गैंग अचानक ऑफिस, किराए के कमरे आदि छोड़कर भाग जाया करती थी। आरोपियों ने अपनी पहचान मिटाने की रणनीति ऐसी बनाई थी अलग नाम, अलग मोबाइल नंबर, फर्जी सिम, फर्जी आधार सभी कुछ नकली रहता था। किराए के वाहन उपयोग करते थे ताकि टेस भी न हो पाएं।



### कुछ किसानों की शिकायत के बाद सक्रिय हुई पुलिस

किसानों से राशि लेकर भागने बाद नरसिंहगढ़ क्षेत्र के कुछ किसान सामने आए जिन्होंने लिखित शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने इसे गंभीरता से लेते हुए टीम बनाई और सायबर सेल, मुखबिर तंत्र सहित अन्य विवेचनाओं के उपरान्त अंततः मुख्य सरगना सहित इन सभी 14 आरोपियों को उत्तर-प्रदेश के अलग-अलग स्थानों से धर-दबोचा। एसपी तोलानी के अनुसार राजगढ़ जिले में करीब 20 लाख की ठगी इनके द्वारा की गई वहीं जिस बैंक एकाउन्ट का पता लगा है उसमें 1 करोड़ 34 लाख के लगभग का ट्रांजक्शन मिला है।

### ये हैं करोड़ों हड़पने वाले 14 ठग

गिरफ्तार आरोपियों में गैंग का मुख्य सरगना दीपक पांडे निवासी चंडेरिया गोरखपुर, धनंजय पांडे निवासी चंडेरिया गोरखपुर यूपी, प्रभाकर पांडे निवासी सकरी जिला गोरखपुर, चंद्रभूषण कनकचंद्र निवासी नरेबुजुर्ग, सोनू चैबे निवासी कुशीनगर, चंदन पांडे निवासी गगहा यूपी, चंदन प्रजापति निवासी गाजीपुर, रघुनाथ गुप्ता निवासी बस्ती, विक्की पांडे निवासी गोरखपुर, दिलीप वर्मा निवासी मदुआ यूपी, सन्नी यादव निवासी राजगढ़, गोरखपुर यूपी, ओमप्रकाश राजपूत निवासी भैंसाहा यूपी, कुंदन प्रजापति निवासी जामनिया, नंदमोहन पांडे निवासी चंडेरिया गोरखपुर शामिल हैं।

### सिविल सर्जन के आदेश का दिखा असर

# 50 प्रतिशत कम हुई सीटी स्कैन की संख्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा




जिला अस्पताल में वास्को सीटी स्कैन के प्रभारी को सिविल सर्जन डॉ रजनीश शर्मा द्वारा जारी किए गए आदेश के बाद सीटी स्कैन में लगभग 50 प्रतिशत तक की कमी आई है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार 20 नवंबर को 60 से ज्यादा सीटी स्कैन हुईं वहीं 21 व 22 नंवबर को इनकी संख्या 30 के आसपास रह गई।

पिछले दो दिनों में आई इस कमी से समझा जा सकता है कि वास्को सीटी स्कैन कंपनी सिर्फ अपने फायदे के लिए किस कदर जिले के कई मरीजों का मल्टीपल सीटी स्कैन करने पर उतारू है जिससे नंबर बढाकर अपना बिल की राशी को बढ़ाया जाए फिर चाहे मरीजों को रेडिएशन जैसे खतरे से कैंसर जैसी बिमारी से ही क्यों न जूझना पढ़े। स्वास्थ्य एक्सपर्ट की माने तो ज्यादा सीटी स्कैन से मरीजों में केंसर जैसी बीमारी का खतरा बढ़ जाता है इस पर भी वास्को कंपनी को ध्यान देने की आवश्यकता है।

### मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान

# देर रात तक किया जा रहा वेरिफिकेशन कार्य



**कुरावर।** निर्वाचन आयोग द्वारा जिले सहित पूरे प्रदेश में 4 नवंबर से चलाए जा रहे मतदाता पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान में कुरावर नगर में बढ़त बनाए है।

नगर में कुल 14,358 मतदाताओं में से शुक्रवार तक 55 प्रतिशत वेरिफिकेशन पूरा हो चुका है। इस तीव्र गति के साथ चल रहा पुनरीक्षण कार्य में कुरावर नगर जिले में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है वही सभी 15 मतदान केंद्रों पर बीएलओ, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, ग्राम पंचायत सचिव, राजस्व विभाग के कर्मचारी, पटवारी और नगरीय प्रशासन के स्टाफ द्वारा वेरिफिकेशन कार्य निरंतर किए जा रहे है। नगर के अन्नपूर्णा मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में मतदाता अपने वेरिफिकेशन फॉर्म जमा करने पहुंच रहे हैं। अभियान की नियमित मॉनिटरिंग नायब तहसीलदार सुनीता कुमारी और मुख्य नगर पालिका अधिकारी लीलाधर सेन द्वारा की जा रही है। नगर में वेरिफिकेशन अपलोडिंग की प्रक्रिया देर रात की जा रही है। कुरावर नगर में प्रशासनिक अधिकारियों, बीएलओ, राजस्व एवं परिषद कर्मचारियों ने मतदाताओं द्वारा दिए गए वेरिफिकेशन फॉर्म को ऑनलाइन अपलोड किया जा रहा है।

### थाना बोडा पुलिस की अवैध शराब कारोबारियों पर बड़ी कार्रवाई

# 699 लीटर अवैध शराब, 3 बाइक, 3 फ्रीज सहित 9.22 लाख का माल जब्त

**ब्यावरा।** जिलेभर में अवैध शराब, जुआ एवं अन्य गैरकानूनी गतिविधियों पर नकेल कसने के लिए लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

इसी अभियान के तहत एसडीओपी नरसिंहगढ़ मिनी शुक्ला (भापुसे) के मार्गदर्शन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक केएल बंजारे के नेतृत्व में बोडा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध शराब कारोबारियों पर शिकंजा कसा है। थाना प्रभारी बोडा उपनिरीक्षक देवेन्द्र सिंह राजपूत तथा जिले के अन्य थानों की संयुक्त टीम ने ग्राम गुलखेड़ी में दबिश देकर अलग-अलग स्थानों से 549 लीटर देशी-विदेशी शराब, 150 लीटर कच्ची शराब, 3 मोटरसाइकिल, 3 फ्रीज तथा अन्य सामग्री कुल 9 लाख 22 हजार रुपये मूल्य की जब्त की।




### कार्रवाई का विवरण

21 नवंबर 2025 को एसडीओपी मिनी शुक्ला के निर्देशन में बोडा थाना, नरसिंहगढ़, भोजपुर, करनवास, कालीपीठ, पचोर, छापीहेडा एवं लीमाचौहान थाना बल की संयुक्त टीम ने ग्राम गुलखेड़ी में दबिश देकर अवैध शराब की कई गुमठियों पर एक साथ कार्रवाई की। टीम ने आरोपियों की दुकानों से बड़ी मात्रा में देशी-विदेशी शराब व कच्ची शराब बरामद की। इसके साथ ही 5 हजार लीटर कच्ची शराब बनाने में प्रयुक्त महुआ लाहन और कच्ची शराब बनाने की दो भट्टियां नष्ट की गईं।

### बाल-विवाह, नातरा-झगड़ा कुप्रथाओं को लेकर जारी है कार्यक्रम

# जागरुकता प्रयासों से कुरीतियों की बेड़ियां तोड़ रहा राजगढ़

**राजगढ़।** बाल-विवाह, बाल सगाई और नातरा-झगड़े जैसी कुरीतियों के नाम से पहचाना जाने वाले राजगढ़ जिले में अब परिवर्तन की नई इबारत नजर आने लगी हैं। प्रशासन एवं सामाजिक संगठनों द्वारा किए जा रहे जागरुकता प्रयासों के चलते लोग अब इन कुप्रथाओं को त्यागने का संकल्प ले रहे हैं।




शनिवार को खिलचीपुर के ग्राम हिनोतिया, शेरपूरा और बड़बेली गांवों में आयोजित गांव चैपाल इस बदलाव की साक्षी बनी। यहां महिला एवं बाल विकास विभाग, पुलिस विभाग, स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग, कृषि विभाग, अहिंसा वेलफेयर सोसायटी की टीम की मौजूदगी में लोगों ने कुप्रथाओं से हमेंशा के लिए नाता तोड़ने का संकल्प लिया। इस दौरान उपस्थित टीम के अधिकारियों ने कहा कि सामुहिक सहभागिता की यह व्यापक श्रृंखला बताती है कि जब समाज एकजुट होकर खड़ा होता है, तो परिवर्तन सिर्फ संभव नहीं, बल्कि अवश्यंभावी हो जाता है। राजगढ़ अब अपनी नई पहचान गढ़ रहा है। जहाँ बचपन सुरक्षित होगा, परिवार जागरूक होंगे, और समाज कुरीतियों की छाया से मुक्त होकर प्रगति के प्रकाश में आगे बढ़ेगा।

## नई शिक्षा नीति पर मार्गदर्शन व छात्र शिक्षक परिचर्चा

**जीरापुर।** राज्य शिक्षक संघ द्वारा एक निजी स्कूल में छात्र-शिक्षक परिचर्चा का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों की शैक्षणिक समझ को मजबूत करने और शिक्षकों को नई शिक्षा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु प्रेरित करने के उद्देश्य से आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा-अर्चना और दीप प्रज्वलन से हुआ। मुख्य वक्ता एवं राज्य शिक्षक संघ प्रांताध्यक्ष ने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के विभिन्न पहलुओं को विस्तारपूर्वक समझाया। नई शिक्षा नीति आगामी पीढ़ी के लिए एक बड़ी सौगात है। यह नीति बच्चों को कौशल आधारित, लचीली और बहुआयामी शिक्षा की ओर ले जाती है। शिक्षक इस परिवर्तन के केंद्र है। उन्होंने यह भी कहा विद्यालय की प्रगति टीमवर्क, अनुशासन और गुणवत्तापूर्ण शिक्षण का परिणाम है।

### रोज्या पंप हाउस से खेतों में पानी पहुंचाने शुरू हुई नहरें

# जब नहरों से फूटी जलधारा तो खिल उठे सैकड़ों किसानों के चेहरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

क्षेत्र के विकास में आमूलचूल बदलाव लाने वाली मोहनपुरा वृहद सिंचाई परियोजना से जुड़े रोज्या पंप हाऊस का कार्य पूर्ण होने पर शनिवार से नहरें खोल दी गईं। पहली बार प्रेशराईज्ड नहरों से खेतों में पानी पहुंचने पर करेड़ी, खुजनेर छेत्र के सैकड़ों किसानों की खुशी का ठिकाना नही रहा। रोज्या पंप हाऊस से कालूखेड़ी, गेहूंखेड़ी, राजपुरा, नानागांव, बरखेड़ा, चांदपुरा, कुंडीबे, मोरपीपली, मोतीपुरा, तलाईखेड़ा, सरेड़ी, हाजीपुरा, वीरेंद्रपुरा, मनोहरपुरा, जोगीपुरा, फूलखेड़ी, करेड़ा, खेडी, खैरासी, भारतपुरा सहित अन्य ग्रामों के खेतों में अब सीधे प्रेशराईज्ड नहरों से पानी दिया जाना लगा है। खुजनेर क्षेत्र के उक्त सभी गांवों के अनेकों किसानों द्वारा कईं बार नहरें चालू करने के संबंध में आंदोलन, चक्काजाम, प्रदर्शन किए गए लेकिन पंप हाऊस सहित अन्य कार्य पूर्ण न होने के चलते इन गांवों के किसानों को नहरों का लाभ नहीं मिल पा रहा था। अंततः किसानों का सपना पूरा हुआ और बांध से सीधे खेत तक नहरों के माध्यम से पानी पहुंचना आरंभ कर दिया गया है।



### अधिकारियों ने की अपील

मोहनुपरा परियोजना के अधिकारियों ने किसानों से अपील की है कि वे नहरों की पाईप लाईनों, वाल्व आदि में किसी तरह की कोई छेड़छाड़ न करें। यदि किसान यह कदम उठाएंगे तो आगे के गांवों के किसानों को समस्या आएगी और उनके खेत सूखे रहेंगे। ऐसे में किसानों से सुव्यवस्थित तरीके से खेतों में सिंचाई करने का आगृह किया गया है। इसके बावजूद पाइप लाईनों से छेड़छाड़ करने वालों के खिलाफ वैधानिक कदम उठाया जाएगा।



# ‘व्यक्ति को अपने कर्म करने होंगे सभी कथाओं का भी यही सार है’

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिवस पं. सुरेश बिहारी नागर ने बताया कि स्नान करने से हमारे शरीर की शुद्धी होगी और आत्मिक शुद्धी के लिए स्वाध्याय जरुरी है, व्यक्ति को अपने कर्म करने होंगे सभी कथाओं का भी यही सार है। व्यक्ति को धर्म के मार्ग से जुड़ा रहना चाहिए , जीवन में जब भी हमे समय मिले परमात्मा का सुमिरन अवश्य करें। हिरणाकश्यप एवं प्रहलाद प्रसंग पर बताया कि जो व्यक्ति भगवान का भगत होगा उसका बुरा नहीं होता गया। राजा हिरणाकश्यप ने अपने पुत्र प्रहलाद को मारने के लिए अनेकों प्रयास करें लेकिन भगवान की भक्ति नाम सुमीरन, शक्ति के सामने कुछ नहीं चली और अपनी बहन को अग्नि में जलना पड़ा जब होलीका तब से होली उत्सव प्रारंभ हुआ।

पंडित नागर ने बताया की मंत्र जप की शक्ति अपार है जीवन में जब भी समय मिले हमे परमात्मा अपने इष्ट का सुमिरन आवश्यक रूप से करना चाहिए। कथा का भी यही सार है की व्यक्ति अपने धर्म से जुडकर भगवत नाम का सुमिरन करें, ईश्वर की कृपा से ही यह मानव जीवन मिला है। हिरण्याकश्यप ने सृष्टि के रचयिता ब्रह्मा जी से वरदान मांगा था कि में धरती पर न आकाश में न घर में न बहार न नर से न नारायण से न शस्त्र से न अस्त्र से मरूं ओर ब्रह्मा जी ने भी उसे वरदान दे दिया था लेकिन हिरणाकश्यप को यह पता नहीं था कि कोई और रूप भी होता है जो उसकी मृत्यु का कारण बनेगा ऐसे में नरसिंह भगवान का अवतार हुआ और अधिक मास में सायंकाल के समय नरसिम्ह भगवान ने अपने नाखूनों से उसका सीना चीरकर वध किया था। उन्होंने इस प्रसंग के माध्यम से बताया कि व्यक्ति को कभी भी घमंड नहीं करना चाहिए। कथा आयोजक मण्ड़लोई चटठया दांगी परिवार द्वारा खिलचीपुर नाका तालाब परिसर में चल रही जिसमें बडी संख्या में श्रद्धालू भक्त कथा श्रवण में पहुंच रहे हैं।

## छात्र जोड़ो यात्रा के तहत एनएसयूआई ने किया संवाद



**ब्यावरा।** छात्र जोड़ो यात्रा के तहत शनिवार को ब्यावरा विधानसभा में एनएसयूआई टीम द्वारा छात्रों से संवाद किया गया। जिसमें एनएसयूआई विधानसभा अध्यक्ष ईश्वर गुर्जर द्वारा नगर अध्यक्ष आशु शर्मा ने ब्यावरा नगर के स्कूलों में एनएसयूआई की कार्यकारणी गठित की। जिसमें ब्यावरा पब्लिक स्कूल,स्वामी विवेकानंद एकेडमी, आईपीएस आदि स्कूलो में विभिन्न पदों पर नियुक्तियां की गईं। साथ ही छात्र नेता संजय पंवार, ललित सोलंकी, अंकित दांगी, विधानसभा उपाध्यक्ष संदीप पंवार, विधानसभा सचिव संदीप गुर्जर, ब्लॉक अध्यक्ष अरविंद सौंधिया, गादिया ब्लॉक अध्यक्ष अंकित सोंधिया, मानस स्कूल अध्यक्ष नमन सेन सहित सभी एनएसयूआई के कार्यकर्ता साथी उपस्थित रहे।

### आलाअधिकारी सहित जनसुनवाई में आवेदन देने के बाद भी नहीं हुई लाइन चालू

# 4 माह से किसान दफ्तर के लगा रहा चक्कर, विद्युत के लिए महिला किसान भी परेशान


हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

मध्य प्रदेश सरकार किसानों को 5 रुपए में विद्युत कनेक्शन देने के बड़े बड़े दावे किए गए, ताकि आम किसान को समय पर 5 रुपए में वैध कनेक्शन उपलब्ध हो सकें तथा विद्युत कनेक्शन के माध्यम से अपनी पानी की मोटर पंप चलाकर खेती सिंचित कर अपने परिवार का भरण पोषण कर सकें अन्नदाता कहलाने वाले किसान के लिए सरकार पलक पांवड़े बिछाती हुई विज्ञापन होडिंग में दिखाई दे रही है। हकीकत इससे कुछ अलग है। शासन की मंशा पर विद्युत विभाग पानी फेर रहा है।

सरकार के किसी भी आदेश को स्थानीय स्तर पर संबंधित विभाग को पालन करना अनिवार्य है। ताकि शासन की मंशा जनहित में पूरी हो लेकिन मध्य प्रदेश विद्युत वितरण कंपनी मऊ के अधिकारी द्वारा सरकार के आदेश को तब्बजो नहीं दी जा रही है। किसान ने बताया कि मऊ विद्युत अधिकारी द्वारका प्रसाद मिश्रा की अनदेखी के कारण मैं 4 माह से परेशान हूं। मेरा विद्युत कनेक्शन पहले तो मनमाने ढंग से काट दिया। जब मैने इसकी शिकायत की तो कनेक्शन जोड़ने के लिए मुझसे 5 हजार की राशि ली और कनेक्शन जोड़ दिया। लेकिन कागज में कनेक्शन जुड़ने के बाद भौतिक स्तर पर आज तक लाइन नहीं जोड़ी। जिसकी शिकायत मेरे द्वारा पुनः विद्युत मंडल मऊ ब्यावरा राजगढ़ सारंगपुर एसडीएम कलेक्टर राजगढ़ सहित थाना प्रभारी को की गई। लेकिन आज तक मेरी लाइन चालू नहीं हुई। 4 माह से मैं लगातार दफ्तर के चक्कर लगा रहा हूं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। मैं विद्युत मंडल मऊ पुनः गया तो सुपरवाइजर ने भगा दिया। विनय करने के बाद सुपर वाइजर ने कह की डीपी लगाने के लिए जितने पैसे खर्च होते हैं उसमें से आधे पैसे 80 हजार रुपए लेकर आओ तब आपकी लाइन चालू हो जाएगी। ऐसे में गरीब किसान की फसल आज तक असिंचित पड़ी हुई है। क्या किसानों के साथ विद्युत विभाग इसी तरह का काम कर रहा है। यह एक मामला सामने आने पर उजागर हुआ है। ऐसे कई किसान परेशान होंगे लेकिन उनकी मजबूरी है कि वे अपनी पीड़ा बता नहीं सकते।

### किसान ने दिया आवेदन

16 अक्टूबर 2025 को मऊ विद्युत मंडल फिर 7 नवंबर को फिर सुपरवाइजर को दूसरा आवेदन फिर राजगढ़ के वरिष्ठ अधिकारी को 10 नवंबर को फिर 18 नवंबर को सारंगपुर 4 नवंबर को एसपी राजगढ़ को आवेदन दिया गया। सभी आवेदनों की प्रतिपूर्ति करने के लिए विद्युत मंडल मऊ द्वारा चौकी प्रभारी पुलिस चौकी पड़ाना को एक आवेदन 1 नवंबर 2025 को भेज कर इतिश्री कर दी। लेकिन अभी तक उक्त किसान की लाइन चालू नहीं की और न ही विद्युत कनेक्शन में बाधा उत्पन्न करने वाले के खिलाफ किसी भी प्रकार की कोई वैधानिक कार्यवाही कराई गई। क्या किसान दफ्तर के चक्कर लगाता रहेगा या उसकी लाइन चालू होगी यह तो आने वाला समय ही बताएगा। लेकिन किसान की हकीकत सुनने एवं किसान के पास रखे दस्तावेज से यह प्रतीत होता है कि विद्युत मंडल मऊ के सुपरवाइजर की मनमानी तथा सरकार के आदेशों की खुली अवहेलना प्रदर्शित हो रही है।




### इनका कहना है...

*किसानों का आपसी मामला है। मैने पढ़ाना पुलिस चौकी आवेदन दिया है। एक दो दिन में लाइन चालू करवाता हूं।*

*द्वारका प्रसाद मिश्रा, जेई, विद्युत विभाग*

*मामला आपके द्वारा संज्ञान में आया है। मैं विद्युत मंडल सुपरवाइजर को बोलकर लाइन चालू करवाता हूं।*

*प्रहलाद क्षेत्रे,*
*उप महाप्रबंधक मध्य प्रदेश विद्युत वितरण केंद्र ब्यावरा, राजगढ़*